सं.: 1:05:138:II:सीएस
दिनांक: 15 जून, 2021

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051	बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25, पी.जे. टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001

विषय: <u>बोर्ड बैठक का परिणाम</u>

महोदया/महोदय,

हमारे दिनांक 07.06.2021 और 10.06.2021 के पूर्ववर्ती पत्रों के अनुक्रम में, हम सहर्ष सूचित करते हैं कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आज दिनांक जून 15, 2021 को आयोजित अपनी बैठक में अन्य विषय के साथ निम्नलिखित पर विचार किया तथा उस पर अपना अनुमोदन प्रदान किया:

(i) दिनांक 31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए वार्षिक अंकेक्षित वित्तीय परिणामों (एकल एवं समेकित)।

(ii) वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए 10/- रुपए प्रति शेयर के प्रदत्त इक्विटी शेयरों के अंकित मूल्य पर 2/- रुपए प्रति इक्विटी शेयर (टीडीएस की कटौती के अधीन) की दर पर अंतिम लाभांश की अनुशंसा, जो आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है। यह मार्च, 2021 में भुगतान किए गए वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए 8/- रुपए प्रति इक्विटी शेयर (टीडीएस की कटौती के अधीन) के अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है। अंतिम लाभांश, यदि घोषणा की जाती है, का भुगतान कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार सांविधिक अवधि के भीतर किया जाएगा।

सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुसरण में, दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए वार्षिक अंकेक्षित वित्तीय परिणाम (एकल एवं समेकित), दिनांक 31 मार्च, 2021 तक परिसंपत्तियों एवं देयताओं का विवरण, असंशोधित राय के साथ लेखा-परीक्षा रिपोर्ट के संबंध में घोषणा और हमारे सांविधिक लेखा-परीक्षकों द्वारा लेखा-परीक्षक रिपोर्ट संलग्न हैं।

इसके अतिरिक्त, सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 23(9) के अनुसरण में समेकित आधार पर संबद्ध पक्षकार लेन-देन का प्रकटीकरण इसके साथ संलग्न है। इसके अतिरिक्त, सेबी के दिनांक मई 20, 2020 के परिपत्र के अनुसरण में उक्त वित्तीय परिणामों के साथ कंपनी पर कोविड-19 महामारी के प्रभाव संबंधी जानकारी भी संलग्न है।

बोर्ड बैठक पूर्वाह्न 11.30 बजे शुरू होकर अपराह्न 1.15 बजे समाप्त हुई।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

संलग्न: यथोपरि

(मनोहर बलवानी)
सीजीएम एवं कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com